सार समाचार

गोल हंटर्स ने आर्डोर को रौंदा, खिताब पक्का

नई दिल्ली,संवादसूत्र। डीएसए सी डिवीजन लीग में गोल हंटर्स ने चैंपियनशिप की दावेदार मानी जा रही आर्डोर एफसी को 6– 1 से पीट कर ग्रुप बी में प्रवेश की पात्रता हासिल की। यहां नेहरू स्टेडियम पर खेले गए एकतरफा मैच में विजेता टीम के लिए नितिन ने दो और गौरव, यमन, अजय पाल और कुशाग्र ने एक एक गोल जमाए। पराजित टीम का गोल चंदन ने किया। एक अन्य मुकाबले में एलायंस ने बिक्रम(2)और शिवम के गोलों से 90 मिनट्स को 3–1 से परास्त किया। पराजित टीम का गोल मोहित भंडारी ने बनाया। सांस्थानिक लीग मुकाबलों में दिल्ली सरकार ने मुकेश चन्याल के गोल से उत्तर रेलवे को एक गोल से पराजित किया। दूसरे मैच में डीटीसी ने बैंक ऑफ इंडिया को 2– 2 से ड्रॉ खेल कर अंक बांट लिए। बैंक टीम के गोल आकाश और सागर ने जबकि डीटीसी के लिए विनोद और योगिंदर ने गोल किए। बैंक टीम के गोल कीपर सुनील दत्त ने कई सुंदर बचाव कर टीम की हार को टाल दिया। गोल हंटर्स ने अपने नाम के अनुरूप खेलते हुए मजबूत प्रतिद्वंद्वी को खेल के हर क्षेत्र में बुरी तरह छकाया। ऐसे एकतरफा खेल की शायद ही किसी ने कल्पना की होगी। नतीजन अफवाहों का बाजार भी गर्माया नजर आया।

हेजलवुड डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में

लंदन,भाषा। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भारत के खिलाफ सात जून से ओवल में शुरू होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। यह 32 वर्षीय गेंदबाज चोटिल होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग के बीच से ही स्वदेश लौट गया था। उन्हें हालांकि टेस्ट कप्तान पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड जैसे तेज गेंदबाजों के साथ ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है।

अब तक 59 टेस्ट मैचों में 222 विकेट लेने वाले हेजलवुड के चयन का मतलब है कि चयनकर्ताओं को ऑल राउंडर माइकल नेसर या तेज गेंदबाज सीन एबोट को टीम में रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नेसर और एबोट अभी काउंटी क्रिकेट में खेल रहे हैं और ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने हाल में कहा था कि किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उन्हें टीम में शामिल किया जा सकता है। हेजलवुड हाल में चोटों से जूझते रहे हैं। वह आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम से बाद में जुड़े थे।

सभी खेल संगठनों में सुरक्षा उपाय लागू होने की जरूरत: बिंद्रा

नई दिल्ली ■ वार्ता/डेस्क

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के एथलीट आयोग के सदस्य अभिनव बिंद्रा ने प्रदर्शनकारी पहलवानों की 'भयावह तस्वीरों' पर चिंता व्यक्त करते हुए सोमवार को सभी खेल संगठनों में 'स्वतंत्र सुरक्षा उपाय' लागू करने की मांग की। बीजिंग ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट निशानेबाज बिंद्रा ने ट्वीट किया,कल रात सो नहीं सका। अपने साथी भारतीय पहलवानों के प्रदर्शन की भयावह तस्वीरों ने (मुझे) विचलित रखा। समय आ गया है कि हम सभी खेल संगठनों में स्वतंत्र सुरक्षा उपाय लागू करें।

उल्लेखनीय है कि बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट सहित देश के कई नामचीन पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। करीब एक महीने से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन पर बैठे पहलवानों ने रविवार को नवनिर्मित संसद भवन के उद्घाटन समारोह के दौरान संसद तक मार्च करने और महिला महापंचायत आयोजित करने का फैसला लिया था। पहलवान हालांकि जंतर-मंतर रोड से आगे नहीं बढ़ सके और पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर प्रदर्शन स्थल से पहलवानों के तंबू उखाड़ दिये।

बिंद्रा ने कहा,हमें सुनिश्चित करना होगा कि अगर ऐसी स्थिति आती है तो इसका निपटान बेहद संवेदनशीलता और सम्मान के साथ किया जाये। हर एथलीट एक सुरक्षित और सशक्त करने वाले माहौल का हकदार है।

बृजभूषण पर एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोप हैं। दिल्ली पुलिस सभी पीड़ितों के बयान लेकर बृजभूषण के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज कर चुकी है, जिनमें से एक पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) से संबंधित है। कैसरगंज लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के सांसद बृजभूषण शरण सिंह हालांकि अभी तक गिरफ्तार नहीं हुए हैं।

बिंद्रा से पहले टोक्यो ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा, भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता मुरली श्रीशंकर ने भी पहलवानों की दुर्गति पर चिंता व्यक्त की थी।

नीरज ने रविवार को पहलवानों के हिरासत में लिये जाने के एक वीडियो पर टिप्पणी की,यह देखकर बहुत दुख हो रहा है। इससे निपटने का बेहतर तरीका हो सकता है। श्रीशंकर ने पहलवानों के साथ दिल्ली पुलिस के बर्ताव को बर्बर करार देते हुए ट्वीट किया, बेहद बर्बर!

हमारे चैंपियन इस बर्ताव के लायक नहीं थे। ओलंपक में पहुंचने का सपना देखने वाले एक एथलीट के तौर पर यह तस्वीर (मेरे मस्तिष्क पर) बहुत गहरा घाव छोड़ेगी। छेत्री ने रविवार देर रात ट्वीट किया, हमारे पहलवानों को बिना सोचे समझे घसीटे जाने की क्या जरूरत है? यह किसी के साथ व्यवहार करने का तरीका नहीं है। मैं वास्तव में उम्मीद करता हूं कि इस पूरी स्थिति का आकलन उसी तरह किया जाए जैसा होना चाहिए।

सिंधू और श्रीकांत की थाईलैंड ओपन में अच्छा प्रदर्शन करने पर निगाह

बैंकाक ■ भाषा/डेस्क

मलेशिया मास्टर्स में अपेक्षित प्रदर्शन करने के बाद पीवी सिंधू और किदांबी श्रीकांत सहित भारतीय खिलाड़ी मंगलवार से यहां शुरू होने वाले थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने का प्रयास करेंगे। सिंधू पिछले सप्ताह मलेशिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंची थी जबकि श्रीकांत ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।

इन दोनों खिलाड़ियों की निगाह अब खिताब जीतने पर होगी। ओलंपिक में दो बार पदक जीतने वाली सिंधू मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाकर खिताब का सूखा खत्म करने के करीब पहुंची थी लेकिन श्रीकांत पिछले साल थॉमस कप की ऐतिहासिक जीत के बाद संघर्ष करते हुए नजर आए।

विश्व रैंकिंग में दो पायदान नीचे 13वें स्थान पर खिसकने वाली सिंधू थाईलैंड ओपन के पहले दौर में कनाडा की मिशेल ली का सामना करेगी।

वेतन असमानता पर पोंटिंग के विचारों पर चर्चा नहीं हुई: आईसीसी

रिकी के विचार क्रिकेट समिति के कई अन्य विषयों की तरह चर्चा का विषय था।

नई दिल्ली ■ भाषा/डेस्क

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के इन दावों से खुद को अलग कर दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि टेस्ट क्रिकेट में भुगतान की असमानता समाप्त करने के लिए खेल की सर्वोच्च संस्था में बातचीत चल रही है।

पोंटिंग ने इस महीने के शुरू में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल से जुड़े कार्यक्रम में कहा था कि आईसीसी में यह सुनिश्चित करने के लिए उच्च स्तर पर चर्चा चल रही है कि छोटे देशों के क्रिकेटरों को पांच दिवसीय प्रारूप खेलने के लिए अच्छा भुगतान किया जाए। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने हालांकि कहा कि क्रिकेट समिति की एक बैठक में यह मामला उठाया गया था लेकिन इस पर चर्चा नहीं हुई।

वसीम ने मीडिया कर्मियों से कहा, मुझे लगता है कि शायद इसे गलत तरह से पेश किया गया। आईसीसी क्रिकेट समिति में शुरू में यह मसला उठाया गया था। यह चर्चा का विषय था लेकिन निश्चित तौर पर इसे आगे नहीं बढ़ाया गया। उन्होंने कहा,रिकी के विचार क्रिकेट समिति के कई अन्य विषयों की तरह चर्चा का विषय था लेकिन इस संबंध में सदस्यों के बीच किसी तरह की चर्चा नहीं हुई।

क्रिकेट समिति के प्रमुख भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली हैं। टी20 क्रिकेट के तेजी से आगे बढ़ने के कारण राष्ट्रीय टीम की तरफ से खेलने के बजाय फ्रेंचाइजी क्रिकेट को प्राथमिकता देने वाले क्रिकेटरों की संख्या बढ़ती जा रही है विशेषकर वेस्टइंडीज के क्रिकेटर इस मामले में सबसे आगे हैं। फ्रेंचाइजी क्रिकेट से बढ़ते खतरे के बारे में पूछे जाने पर वसीम ने कहा, दुनिया भर में बेहद प्रतिस्पर्धी घरेलू टी20 लीग हो रही हैं। यह प्रशंसकों और खिलाड़ियों को अधिक विकल्प प्रदान करता है और इससे सीमित ओवरों के हमारे विश्वकप में सुधार देखने को मिलता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख नजम सेठी ने स्पष्ट किया है कि अगर भारतीय टीम एशिया कप के अपने मैच पाकिस्तान में नहीं खेलेगी तो उनकी टीम ही वनडे विश्वकप के लिए भारत का दौरा नहीं करेगी। आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस और अध्यक्ष ग्रेग बार्कले अभी नियमित बैठकों के लिए पाकिस्तान में हैं लेकिन इस दौरान इन दोनों पड़ोसी देशों के बीच क्रिकेट के रिश्तों को लेकर भी चर्चा करने की संभावना है।

3000 मीटर स्टीपल चेज में 10वें स्थान पर रहे साबले

रबात ■ भाषा/डेस्क

भारत के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी अविनाश साबले यहां प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दूसरे चरण में उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपल चेज स्पर्धा में 10वें स्थान पर रहे। राष्ट्रमंडल खेल 2022 के रजत पदक विजेता 28 वर्षीय साबले ने आठ मिनट 17.18 सेकंड का समय लिया जो उनके राष्ट्रीय रिकार्ड आठ मिनट 11.20 से लगभग छह सेकंड अधिक था। साबले ने पिछले साल इसी प्रतियोगिता में 8:12.48 का समय लेकर पांचवां स्थान हासिल किया था।

इस स्पर्धा में 18 धावकों ने भाग लिया लेकिन केवल 14 धावक ही दौड़ पूरी कर पाए। मेजबान देश के विश्व और ओलंपिक चैंपियन सौफियाने एल बक्कली ने 7:56.68 सेकंड का समय लेकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इथियोपिया के गेटनेट वाले और कीनिया के राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अब्राहम किबिवोट ने क्रमशः 8:05.15 और 8:05.51 के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। इस बीच भारत के 18 वर्षीय सेल्वा प्रभु थिरुमरन ने यूनान के वेनिज़ेलिया चानिया में विश्व एथलेटिक्स महाद्वीपीय टूर में पुरुषों की त्रिकूद स्पर्धा में 16.78 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता।

पुरुष हॉकी

एशिया कप सेमीफाइनल में भारतीय हाकी टीम

सलालाह ■ वार्ता/डेस्क

गत चैंपियन भारत ने जूनियर पुरुष एशिया कप 2023 के अपने आखिरी पूल-ए मैच में थाईलैंड को 17-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इस विशाल जीत के साथ भारत ने दिसंबर में होने वाले एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप के लिये भी क्वालीफाई कर लिया है। नियमों के अनुसार, जूनियर एशिया कप में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने वाली टीमों को विश्व कप के लिये क्वालीफाई करना था, जबकि मलेशिया ने विश्व कप का मेज़बान होने के नाते टूर्नामेंट में जगह बना ली थी।

मलेशिया के रविवार को एशिया कप सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद चारों सेमीफाइनलिस्ट टीमों ने विश्व कप के लिये क्वालीफाई कर लिया। अंगद बीर सिंह (13वां मिनट) ने रविवार रात खेले गये मुकाबले में भारत का खाता खोला, जबकि दूसरे क्वार्टर में योगेंबर रावत (17वां मिनट), उत्तम सिंह (24वां मिनट) और अमनदीप लाकड़ा (26वां, 29वां मिनट) ने गोल जमाकर भारत की बढ़त हाफ टाइम से पहले 5-0 कर दी।

तीसरे क्वार्टर में उत्तम (31वां मिनट) और अंगद (33वां मिनट) के साथ-साथ अरेजीत सिंह हुंदल (36वां मिनट) और विष्णुकांत सिंह (38वां मिनट) ने भी एक-एक गोल दागकर भारत के स्कोर में योगदान दिया। तीसरा क्वार्टर खत्म होने से ठीक पहले बॉबी सिंह धामी (45वां मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करते हुए भारत का स्कोर 10-0 पर पहुंचा दिया।

शारदा नंद तिवारी (46वां मिनट), अमनदीप (47वां मिनट) और अंगद (47वां मिनट) ने शुरुआती दो मिनटों में ही तीन गोल करके चौथे क्वार्टर को भारत के नाम कर दिया। थाईलैंड की वापसी की संभावना बेहद कम लग रही थी, लेकिन रोहित (49वां) के गोल ने इसे और भी मुश्किल बना दिया।

एफबीके खेलों से हटे नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली,भाषा। गत ओलंपिक भाला फेंक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने सोमवार को कहा कि उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया है और एहतियाती तौर पर वह अगले महीने होने वाले एफबीके खेलों से हट रहे हैं। दुनिया के नंबर एक भाला फेंक खिलाड़ी चोपड़ा ने ट्विटर पर लिखा, हाल में ट्रेनिंग के दौरान मेरी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया। चिकित्सा आकलन के बाद मैंने और मेरी टीम ने ऐसे किसी भी जोखिम से बचने का फैसला किया जिससे चोट बढ़ जाए। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से इसका मतलब है कि मुझे हेंगेलो (नीदरलैंड) में होने वाले एफबीके खेलों से हटना होगा। विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर की गोल्ड स्तर की प्रतियोगिता फैनी ब्लेंकर्स कोएन खेल नीदरलैंड के हेंगेलो में चार जून को होने हैं।

डब्ल्यूटीसी फाइनल में मैदानी अंपायर होंगे इलिंगवर्थ, गाफाने

दुबई,भाषा। इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और न्यूजीलैंड के क्रिस गाफाने भारत और आस्ट्रेलिया के बीच लंदन में होने वाले आगामी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में मैदानी अंपायर होंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को यह घोषणा की। आईसीसी ने सात से 11 जून तक ओवल में होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा करते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा,न्यूजीलैंड के क्रिस गाफाने और इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ को डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए मैदानी अंपायर चुना गया है जिसमें 12 जून 'रिजर्व डे' रहेगा। ताकि जरूरत पड़ने पर पांच दिन के खेल के दौरान गंवाये गये समय की भरपायी की जा सके। गाफाने (48 वर्ष) का यह 49वां टेस्ट मैच होगा जबकि 59 साल के इलिंगवर्थ अपने 64वें मैच में अंपायरिंग करेंगे।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
सीआईएन: L74999RJ1992PLC013387
रजि. कार्यालय :- ए-902ए रीको औद्योगिक क्षेत्र, फेज III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
फोन नंबर 011- 71239900, फैक्स नंबर +91-11-47619811, ईमेल: hrd@titanbiotechltd.com, www.titanbiotechltd.com

31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित स्टैन्डलोन वित्तीय परिणामों का विवरण

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़कर

क्रम सं.	विवरण	स्टैन्डलोन				
		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	
		31.03.2023	31.12.2022	31.03.2022	31.03.2023	31.03.2022
		अंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	3,732.83	3,061.15	3,146.80	14,594.26	12,449.02
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, असाधारण और/या असाधारण मदों पर)	635.62	362.77	641.57	2,811.61	2,896.90
3	कर पूर्व, अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	635.62	362.77	641.57	2,811.61	2,896.90
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण मदों के बाद)	464.36	270.19	480.29	2,102.49	2,168.43
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/(हानि सहित) (कर के बाद) अवधि के लिए और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) (नोट 3 देखें)	470.58	270.19	478.21	2,108.71	2,166.35
6	पेड-अप इक्वटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37
7	बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी	-	-	-	9,782.79	7,798.04
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)					
	(ए) बेसिक	5.62	3.27	5.81	25.44	26.24
	(बी) डायल्यूटिड	5.62	3.27	5.81	25.44	26.24

31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों का विवरण

(रु. लाख में) ईपीएस को छोड़कर

क्रम सं.	विवरण	कंसोलिडेटेड				
		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	
		31.03.2023	31.12.2022	31.03.2022	31.03.2023	31.03.2022
		अंकेक्षित	अनअंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित	अंकेक्षित
1	प्रचालन से कुल आय (शुद्ध)	3,732.83	3,061.15	3,333.00	14,594.26	15,383.22
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर पूर्व, असाधारण और/या असाधारण मदों पर)	635.62	362.77	690.65	2,811.61	3,819.83
3	कर पूर्व, अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	635.62	362.77	690.65	2,811.61	3,819.83
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(असाधारण और असाधारण मदों के बाद)	495.12	326.16	514.96	2,484.42	2,874.34
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (लाभ/(हानि सहित) (कर के बाद) अवधि के लिए और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) (नोट 3 देखें)	501.34	326.16	512.88	2,490.64	2,872.26
6	पेड-अप इक्वटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति शेयर)	826.37	826.37	826.37	826.37	826.37
7	बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर अन्य इक्विटी	-	-	-	10,164.72	9,040.49
8	प्रति शेयर आय (रु- 10/- प्रति शेयर)					
	(ए) बेसिक	6.07	3.95	6.03	30.06	30.66
	(बी) डायल्यूटिड	6.07	3.95	6.03	30.06	30.66

नोट्स :

1 उपरोक्त 31.03.2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत पविस्तृत स्वरूप का एक सार है ओर सेबी (नियमन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के तहत बीएसई लिमिटेड के साथ दायर किया गया है। 31.03.2023 को समाप्त उक्त तिमाही और वर्ष के लिए स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com पर उपलब्ध है। कंपनी के वैधानिक लेखा परीक्षकों ने उपरोक्त परिणामों की सीमित समीक्षा की है।

2 31.03.2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए उपरोक्त अंकेक्षित स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणामों की लेखापरीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा 29 मई, 2023 को आयोजित बैठक में इसे रिकॉर्ड में लिया गया है। सांविधिक कंपनी के लेखापरीक्षकों ने सेबी (नियमन दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं), 2015 के विनियम 33 के संदर्भ में एक सीमित समीक्षा की है।

3 कंपनी ने कराधान कानून (संशोधन) अधध्यादेश 2019 द्वारा पेशा आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115BAA के तहत अनुमति दिए गए विकल्प को चुनने के लिए चुना है। तदनुसार, कंपनी ने 31.03.2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए आयकर के प्रावधान को मान्यता दी है और उक्त अनुभाग में निर्धारित दर के आधार पर अलग-अलग कर संतुलन को समाप्त कर दिया है।

4. स्टैंडअलोन और कंसोलिडेटेड अंकेक्षित वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम 2015 (संशोधित) में निर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों ('Ind AS') ("आम तौर पर भारत में स्वीकृत लेखांकन सिद्धांत") के अनुसार तैयार किए गए हैं।

5 चालू वर्ष में जीएसटी सहित बिक्री की गणना के उद्देश्य से परिचालन से राजस्व में माल ढुलाई की राशि को जोड़ा गया है। चालू वर्ष में राजस्व में वृद्धि के प्रभाव को बेअसर करने के लिए कुल अन्य खर्चों में माल ढुलाई भाड़ा भी जोड़ा गया।

6 वर्ष के दौरान, कंपनी ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) व्यय के लिए 5 0.65 लाख रुपये का भुगतान किया।

7 कंपनी के निदेशक मंडल ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 1.80 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के लाभांश की सिफारिश की है। लाभांश का भुगतान वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों द्वारा उनके अनुमोदन के बाद किया जाएगा।

निदेशक मंडल के लिए और उसकी ओर से
कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड

नरेश कुमार सिंगला
प्रबंध निदेशक
DIN-00027448

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 29.05.2023